433	नया पार्ट	इस ड्रामा में तुम्हारा है हीरो-हीरोइन का पार्ट। तुम विश्व के मालिक बनते हो। यह नशा कब और कोई में हो न सके। (मु.2.5.68 पृ.2 अंत)	Download
434	नया पार्ट	साकार में सर्व आत्माओं की नज़र इस महान स्थान पर ही जा रही है और जाएगी। ... विश्व के इसी श्रेष्ठ कोने से ही सदाकाल का जीयदान मिलना है। ... ऐसे ही यह आध्यात्मिक ख़ज़ानों की प्राप्ति का स्थान जो अभी गुप्त है, इसको अनुभव के नेत्र द्वारा देख ऐसे ही समझेंगे जैसे गँवाया हुआ, खोया हुआ गुप्त ख़ज़ाने का स्थान फिर से मिल गया है। ... इसको तो खूब प्रसिद्ध करो तो विचित्र बाप, विचित्र लीला और विचित्र स्थान यही देख-2 हर्शित होंगे। (अ॰वा॰26.1.83 पृ.57 आदि, मध्य, अंत)	Download
435	नया पार्ट	यह नया ज्ञान है- यह प्रत्यक्ष नहीं हुआ है तो ज्ञान दाता कैसे प्रत्यक्ष हो? पहले ज्ञान आता है फिर दाता आता है। तो ज्ञान दाता ऊँचे ते ऊँचा है या एक ही वह ज्ञान दाता है, यह सिद्ध कैसे होगा? इस नए ज्ञान से ही सिद्ध होगा। आत्माएँ क्या कहतीं और परमात्मा क्या कहता है, यह अंतर जब तक मनुष्यों की बुद्धि में न आए तब तक जो भी तिनके के सहारे पकड़े हुए हैं वह कैसे छोड़ेंगे?...लेकिन जो फाउंडेशन है, नवीनता है, बीज है, वह है नया ज्ञान। ... सत्य ज्ञान की अथॉरिटी है, यह प्रत्यक्षता अभी रही हुई है। जो भी आते हैं वो समझें कि यह नया ज्ञान, नई बात है।(अ॰वा॰1.6.83 पृ.235 आदि)	Download

436	नया पार्ट	आकार रूप में भी मिलन मनाते फिर भी साकार रूप द्वारा मिलने की शुभ आशा सदा ही रहती है। ... हमें तो बोल द्वारा मुलाकात नहीं कराई। बापदादा भी हरेक बच्चे से दिल भर-2 के मिलने चाहते हैं; लेकिन समय और माध्यम को देखना पड़ता है। ... साकार सृष्टि में साकार तन द्वारा मिलना होता है तो साकारी दुनिया और साकार शरीर के हिसाब कोे देखना पड़ता है। (अ॰वा॰24.2.83 पृ.83 आदि)	Download
437	नया पार्ट	फॉलो फादर करना तो आता है ना। ऐसे तो नहीं सोचते हम भी शरीर छोड़ अव्यक्त बन जावें। इसमें फॉलो नहीं करना। ब्रह्मा बाप फरिश्ता बना ही इसलिए कि अव्यक्त रूप का एग्जाम्पल देख फॉलो सहज कर सको। साकार रूप में न होते हुए भी फरिश्ते रूप से साकार रूप समान ही साक्षात्कार कराते हैं ना।... जैसे अव्यक्त ब्रह्मा बाप साकार रूप की पालना दे रहे हैं, साकार रूप की पालना का अनुभव करा रहे हैं, वैसे आप व्यक्त में रहते अव्यक्त फरिश्ते रूप का अनुभव करो। (अ॰वा॰13.3.81 पृ.43 आदि)	Download
438	नया पार्ट	तुमको तो सिर्फ एक ईश्वर से ही पढ़ना है। बाप जो पढ़ावे, सिखावे ओरली पढ़ना है। (मु.17.3.68 पृ.1 आदि)	Download
439	नया पार्ट	कोई भी पार्ट सदा एक जैसा नहीं चलता, बदलता है आगे बढ़ाने लिए। तो अब बापदादा विशेष व्यक्त रूप से अव्यक्त मुलाकात करने का सहज वरदान दे रहे हैं। इस नए वर्ष के पहले मास को विशेष वरदान है। ... अब व्यक्त द्वारा अव्यक्त मिलन भी समाप्त होता जावेगा। फिर क्या करेंगे? मिलन नहीं मनावेंगे? अल्पकाल के मिलन के बजाय सदाकाल के मिलन के अनुभवी बन जाएँगे। ऐसे अनुभव करेंगे जैसे बिल्कुल समीप, सम्मुख मिलन मना रहे हैं। ..... तो इस वर्ष को विशेष पुरुषार्थ में तीव्रता लाने का वर्ष समझ मनाना। (अ॰वा॰24.12.72 पृ.387 आदि)	Download
440	नया पार्ट	बाप भी साकार से आकारी बना, आकारी से फिर निराकारी और फिर साकारी बनेंगे। (अ॰वा॰15.9.74 पृ.131 मध्य)	Download
441	नया पार्ट	अभी यह है बहुत जन्मों के अंत का जन्म। हमने इसमें प्रवेश किया है, प्रवेश कर तुम बच्चों को समझाता हूँ जब तक इनका शरीर है तब तक तुमको ज्ञानामृत पीना है। (मु.9.11.72 पृ.2 मध्य)	Download
442	नया पार्ट	बापदादा साथ देने में नहीं छिपे; लेकिन साकार दुनिया से छिपकर अव्यक्त दुनिया में उदय हो गए। साथ रहेंगे, साथ चलेंगे, यह तो वायदा है ही। यह वायदा कभी छूट नहीं सकता। इसलिए तो ब्रह्मा बाप इंतजार कर रहे हैं, नहीं तो कर्मातीत बन गए तो जा सकते हैं। बंधन तो नहीं है ना; लेकिन स्नेह का बंधन है। (अ॰वा॰7.5.84 पृ. 298 अंत, 299 आदि)	Download

443	नया पार्ट	साकार सृष्टि पर इस साकारी नेत्रों द्वारा दोनों बाप को देखना, उनके साथ खाना-पीना, चलना, बोलना, सुनना, हर चरित्र का अनुभव करना, विचित्र को चित्र में देखना- यह श्रेष्ठ भाग्य ब्राह्मण जीवन का है। (अ॰वा॰3.5.84 पृ.287 अंत)	Download
444	नया पार्ट	आत्मा ने कहा गॉड फादर। तो ज़रूर मिलना चाहिए। फादर सिर्फ कहे और कब मिले ही नहीं तो वह फादर कैसे हो सकता? सारी दुनिया की जो भी आत्माएँ हैं, सबसे मिलते हैं। सब बच्चों की जो आश है वह पूर्ण करते हैं। (मु.28.6.84 पृ.1 मध्यांत)	Download
445	नया पार्ट	जैसे बाप विचित्र है, विचित्र बाप की लीला भी विचित्र है। दुनिया वाले समझते हैं बाप चले गए और बाप बच्चों से विचित्र रूप में जब चाहें तब मिलन मना सकते हैं। दुनिया वालों की आँखों के आगे पर्दा आ गया। वैसे भी स्नेही मिलन पर्दे के अंदर अच्छा होता है। (अ॰वा॰18.1.79 पृ.231 आदि)	Download
446	नया पार्ट	चारों ओर नाम निकले। इस रेस के कारण एक/दो से आगे बढ़ रहे हैं। विदेश से नाम निकलना है- यह तो ठीक है; लेकिन किस कोने से निकलता, कौन-सा स्थान निमित्त बनता, किस स्थान का व्यक्ति निमित्त बनता है? इसलिए हरेक अपनी धुन में लगे हुए हैं। (अ॰वा॰27.5.77 पृ.176 मध्य)	Download
447	नया पार्ट	आज ख़ास विदेशियों के लिए बापदादा को भी विदेशी बनना पड़ा है। बापदादा विदेशी न बनते तो मिल भी न सकते। विदेशी विशेष आत्माएँ, जो कि विशेष कार्य के निमित्त बनी हुई हैं , ऐसे होवनहार ग्रुप को देखने के लिए व साकार रूप में मिलने के लिए निराकार और आकार को भी साकार रूप का आधार लेना पड़ा। (अ॰वा॰2.8.75 पृ.73 अंत)	Download
448	नया पार्ट	सिवाए निराकार परमपिता परमात्मा के कोई भी ब्र॰कु॰कुमारी को पढ़ा नहीं सकते। ब्रह्मा को भी ज्ञान सागर नहीं कह सकेंगे, इसको प्रजापिता कहेंगे। ज्ञान सागर एक ही निराकार परमपिता परमात्मा को कहा जाता है। वही पतितों को पावन बनाने वाला है; क्योंकि ज्ञान सागर से ही सद्गति होती है। यह है नई बात। (मु.24.8.73 पृ.1 आदि) मु.25.8.78 पृ.1 मध्यादि,	Download
449	नया पार्ट	करनकरावनहार है- तो करनहार का भी पार्ट बजाया और अभी करावनहार का भी पार्ट बजा रहे हैं। बाप का तख़्त होने कारण तख़्तनशीन होने में बोझ अनुभव नहीं होता; क्योंकि बाप का तख़्त है ना। (अ॰वा॰14.2.78 पृ.2 आदि)	Download
450	नया पार्ट	ब्रह्मा बाप साकार रूप से भी अव्यक्त रूप में अभी दिन-रात सेवा में ज़्यादा सहयोगी बनने का पार्ट बजा रहे हैं। (अ॰वा॰7.10.75 पृ.159 आदि)	Download
451	नया पार्ट	साकार में तो फिर भी कई प्रकार के बन्धन थे, अभी तो निर्बन्धन हैं। अभी तो और ही तीव्रगति है- बाप को बुलाया और हाज़िरा हज़ूर। (अ॰वा॰5.12.78 पृ.104 आदि)	Download

452	नया पार्ट	इतनी (इतने) सिकीलधे श्रेष्ठ आत्माएँ हो जो स्वयं भगवान आपको पढ़ाने के लिए परमधाम से आते हैं। (अ॰वा॰12.1.79 पृ.203 आदि)	Download
453	नया पार्ट	साकार के 42-43 वर्ष और अव्यक्त के 10 वर्ष , तो 50 से ऊपर चले गए ना। (अ॰वा॰16.1.79 पृ.226 आदि)	Download
454	नया पार्ट	साकार स्नेह के रिटर्न में साकार रूप है। (अ॰वा॰18.1.79 पृ.229 अंत)	Download
455	नया पार्ट	जैसे सतयुगी शहज़ादियों की आत्माएँ जब आती थीं तो वह भविष्य के रूप प्रैक्टिकल में देखते हुए आश्चर्य खाती थीं ना कि इतने बड़े महाराजे और कार्य क्या कर रहे हैं, विश्व महाराजा और भोजन बना रहे हैं। (अ॰वा॰10.12.78 पृ.116 अंत)	Download
456	नया पार्ट	अमृतवेले रोज़ सफलता का तिलक.....का गायन है ना कि भक्तों को भगवान तिलक लगाने आया। तो इस वर्ष आज्ञाकारी बच्चों को स्वयं बाप आपके सेवा स्थान अर्थात् तीर्थ स्थान पर सफलता का तिलक देने आएँगे। (अ॰वा॰6.2.80 पृ.279 अंत)	Download
457	नया पार्ट	बाप और दादा भी दो हैं। दोनों के कर्तव्य से विश्व परिवर्तन होता है। (अ॰वा॰8.6.72 पृ.298 अंत)	Download
458	नया पार्ट	यह अव्यक्त रूप का मिलन व्यक्त द्वारा भी कब तक? (गुलज़ार दादी खुद ही अव्यक्त हो जाती अर्थात् व्यक्त रूप ज़रूर कोई दूसरा है।) (अ॰वा॰24.12.72 पृ.387 आदि)	Download
459	नया पार्ट	अब तो जब आप समय परिवर्तन की सूचना दे रहे हो तो बापदादा के मिलने का भी परिवर्तन होगा ना। (अ॰वा॰15.2.83 पृ.64 अंत)	Download
460	नया पार्ट	जैसे साकार में याद है ना, हर ग्रुप को विशेष स्नेह के स्वरूप से अपने हाथों से खिलाते थे और बहलाते थे। वही स्नेह का संस्कार अब भी प्रैक्टिकल में चल रहा है। (अ॰वा॰6.1.83 पृ.32 मध्य)	Download
461	नया पार्ट	कर्मबन्धन से मुक्त, सम्पन्न हुई आत्मा, इस कल्प के जन्म-मरण के चक्र को समाप्त करने वाली आत्मा, निराकार बाप की फर्स्ट नम्बर साथी आत्मा, विश्व के कल्याण प्रति निमित्त बनी हुई फर्स्ट आत्मा, स्वयं के प्रति और विश्व के प्रति सर्व-सिद्धि प्राप्त की हुई आत्मा जहाँ चाहे और जितना समय चाहे वह वहाँ स्वतन्त्र रूप में पार्ट बजा सकती है। जब अल्पकाल की सिद्धि प्राप्त करने वाली आत्माएँ अपनी सिद्धि के आधार पर अपने रूप परिवर्तन कर सकती हैं, तो सर्व सिद्धि प्राप्त हुई आत्मा अव्यक्त रूपधारी बनकर जितना समय चाहे क्या वह उतना समय ड्रामानुसार नहीं रह सकती? (अ॰वा॰30.6.74 पृ.83 अंत, 84 आदि)	Download

462	नया पार्ट	कोई-2 बच्चों का संकल्प पहुँचता है कि मियाँ-बीबी तो ठीक; लेकिन मियाँ निराकार और बीबी साकार तो मेल कम होता है।.....इसलिए काज़ी करना पड़ता है; लेकिन मियाँ ऐसे मिला है जो बहुरूपी है। जो रूप आप चाहो तो एक सेकेण्ड में जी हजूर कह हाज़िर हो सकते हैं। (अ॰वा॰28.11.79 पृ.58 मध्य)	Download
463	नया पार्ट	बाप कहते हैं सदा मेरे से जिस भी रूप में चाहो उस रूप में खेल सकते हो। सखा बनकरके खेल सकते हो, बन्धु बन खेल सकते हो, बच्चा बनकर के भी खेल सकते हो, बच्चा बनाकर भी खेल सकते हो। ऐसा अविनाशी खिलौना तो कभी नहीं मिलेगा, जो न टूटेगा, न फूटेगा और खर्चा भी नहीं करना पड़ेगा। (अ॰वा॰7.1.80 पृ.182 अंत)	Download
464	नया पार्ट	'कोई है' यह तो सब समझते हैं; लेकिन यही है और यह एक ही है, यह हलचल का हल नहीं चला है। (अ॰वा॰5.12.84 पृ.50 अंत)	Download
465	नया पार्ट	ईश्वर से वर्सा लेते हैं। वर्सा लेते-2 कोई चले जाते हैं तो ज़रूर उनका कोई पार्ट होगा, इससे भी जास्ती कोई कार्य करना है। मु.30.8.03 पृ.1अंत,	Download
466	नया पार्ट	बाप भी शांति का सागर है ना, जिसका पार्ट ही पिछाड़ी में होगा। (मु.2.5.68 पृ.2 अंत)	Download
467	नया पार्ट	ऐसी कोई बात नहीं जो तुमसे लागू नहीं होती है। तुम सर्जन भी हो, सर्राफ भी हो, धोबी भी हो। सब खासियतें (विशेष ताएँ) तुम्हारे में आ जाते हैं। (मु.ता॰14.4.68, 5.5.69 पृ.3 अंत)	Download
468	नया पार्ट	बाप जिस भाशा में समझाते हैं, उसमें कल्प-2 समझावेंगे। जो इनकी भाशा होगी उसमें ही समझावेंगे ना। आजकल हिंदी बहुत चलती है। (मु.28.9.68 पृ.2 आदि)	Download
469	नया पार्ट	बाप भी विनाश के लिए आए हैं तो आधा पर थोड़े ही जावेंगे। आग लगकर जब पूरी होगी तो चले जावेंगे। ... सबको साथ ले जावेंगे। होना ज़रूर है। (मु.20.9.77 पृ.3 आदि)	Download
470	नया पार्ट	बाप की बायोग्राफी बाप से ही जाने जाते है। अब निराकार शिवबाबा की बायोग्राफी कैसे हो सकती? ज़रूर जब साकार में आए तब बायोग्राफी हो। ....सिर्फ आत्मा की बायोग्राफी नहीं हो सकती। जीवात्मा बने तब पुनर्जन्म में आए और बायोग्राफी भी हो। (मु.20.2.72 पृ.2 मध्यांत) मु.22.2.92 पृ.2 मध्यादि,	Download
471	नया पार्ट	सबसे जास्ती भक्ति किसने की है, ज्ञान में भी वही तीखे जावेंगे, पद भी ऊँच पावेंगे। (मु.22.7.68 पृ.3 मध्यादि) मु.3.7.04 पृ.3 अंत ,	Download
472	नया पार्ट	आप ऐसे नहीं कहेंगे कि ब्रह्मा बाप चले गए। जो वायदा किया है- साथ रहेंगे, साथ चलेंगे, अगर आदि आत्मा भी वायदा नहीं निभाए तो कौन वायदा निभाएगा! सिर्फ रूप और सेवा की विधि परिवर्तन हुई है।..... सर्व बच्चों की पालना अब भी ब्रह्मा द्वारा ही हो रही है। (अ॰वा॰ता॰ 18.1.91 पृ.1 अंत)	Download

473	नया पार्ट	बाप तो तुम बच्चों से ही बात करते हैं (यह ब्रह्मा से भी नहीं)। आगे तो सबसे मिलते थे, सबसे बात करते थे। अब कमती करते-2 आखरीन तो कोई से बात नहीं करेंगे। सन शोज़ फादर है ना। (मु.17.12.67 पृ.3 मध्य) मु.15.12.85 पृ.3 मध्य,	Download
474	नया पार्ट	अकालमूर्त का बोलता-चलता तख़्त है। (मु.21.7.69 पृ.1 मध्य)	Download
475	नया पार्ट	ऐसे नहीं है बाप चला गया, फिर आवेगा नहीं। ... करनकरावनहार है ना। करता भी है, कराता भी है। (मु.8.3.69 पृ.3 अंत)	Download
476	नया पार्ट	बाप बैठ समझाते हैं, हूबहू जैसे बच्चों को पढ़ाते हैं। (मु.17.9.68 पृ.3मध्य)	Download
477	नया पार्ट	तुम बच्चे ही जानते हो कि बाप फिर से इस तन में आया हुआ है। (मु.20.8.68 पृ.1 आदि)	Download
478	नया पार्ट	बाबा कहते मैं साकार बिगर कैसे समझाऊँगा! इसमें प्रेरणा की तो बात ही नहीं। (मु.25.9.72 पृ.2 अंत)	Download
479	नया पार्ट	यह बाप तो है ही एवरप्योर और है भी गुप्त। डबल है ना। ताकत सारी उनकी है, इनकी (ब्रह्मा की) नहीं। शुरुआत में तुमको उन्होंने कशिश की; क्योंकि वह एवरप्योर है। तुम कोई इनके पिछाड़ी नहीं भागे। (मु.17.2.68 पृ.2 मध्य) मु.14.2.99 पृ.2 अंत, 3 आदि,	Download
480	नया पार्ट	दिल्ली को वरदान है, और उसमें भी आदि रत्न जगदीश को वरदान है स्थापना के कार्य में। (अ॰वा॰23.2.97 पृ.33 अंत, 34 आदि)	Download
481	फर्स्ट सो लास्ट, लास्ट सो फर्स्ट	फर्स्ट सो लास्ट, लास्ट सो फास्ट, यह भी समझाना पड़ता है ना। (मु.15.12.68 पृ.3 मध्यांत) मु.15.12.70 पृ.3 मध्यांत,	Download
482	फर्स्ट सो लास्ट, लास्ट सो फर्स्ट	वंडरफुल खेल है न। जो पहले-2 आते हैं वह ही अंत तक रहेंगे। (मु.6.3.74 पृ.2 आदि)	Download
483	फर्स्ट सो लास्ट, लास्ट सो फर्स्ट	बहुत-2 अच्छी बच्चियाँ जो मम्मा-बाबा के लिए भी डायरैक्शन ले आती थीं, ड्रिल कराती थीं। उनके डायरैक्शन पर हम चलते थे। सभी से जास्ती दुर्गति में वह चले गए। यह बच्चियाँ भी जानती हैं। (मु.28.5.69 पृ.2 अंत)	Download
484	फर्स्ट सो लास्ट, लास्ट सो फर्स्ट	मम्मा-बाबा को ड्रिल सिखलाते थे, डायरैक्शन देते थे- ऐसे करो, नीचे हो बैठे। हम समझते थे यह तो बहुत अच्छा नम्बर माला में आवेंगे। वे भी गुम हो गए। तो यह सब समझाना पड़े ना। हिस्ट्रियाँ तो बहुत बड़ी है। (मु.25.5.68 पृ.2 अंत)	Download
485	फर्स्ट सो लास्ट, लास्ट सो फर्स्ट	अच्छे-2 फर्स्टक्लास ध्यान में जाने वाले, जिनके डायरैक्शन पर माँ-बाप भी पार्ट बजाते थे। आज वे हैं नहीं। क्या हुआ? कोई बात में संशय आ गया। (मु.8.7.73 पृ.1 अंत)	Download
486	फर्स्ट सो लास्ट, लास्ट सो फर्स्ट	अच्छे-2 बच्चे 5/10 वर्ष रह अच्छे-2 पार्ट बजाते, फिर हार खा लेते हैं। यह है युद्ध स्थल। बाप की याद तो कभी भी छोड़नी नहीं चाहिए। (मु.8.7.73 पृ.1 अंत)	Download

487	फर्स्ट सो लास्ट, लास्ट सो फर्स्ट	अच्छी-2 महारथी थीं। मम्मा-बाबा के लिए भी ऊपर से प्रोग्राम ले आती थीं। जिसको बैठ ड्रिल कराते थे। आज वह हैं नहीं। माया खा गई, अजगर ने सारा खाकर हप कर लिया। (मु.2.6.70 पृ.3 मध्य)	Download
488	फर्स्ट सो लास्ट, लास्ट सो फर्स्ट	10 वर्ष से (साथ में) रहने वाला और ध्यान में जाती थी। मम्मा-बाबा को भी ड्रिल कराती थी। उनमें बाबा प्रवेश कर डायरैक्शन देते थे। कितना मर्तबा था! आज वह भी हैं नहीं। उस समय यह इतना ज्ञान नहीं था। (मु.23.7.69 पृ.2 अंत)	Download
489	फर्स्ट सो लास्ट, लास्ट सो फर्स्ट	ऐसे तो नहीं समझते हो कि यह गायन व पूजन तो पुरानों व अनन्य वत्सों का है। नए-2 तीव्र पुरुषार्थ से चलने वाले बाप-दादा के नयनों में विशेष समाए हुए हैं। जैसे बच्चों के नयनों में सदा बाप समाया हुआ है, सदा साथ का और समीप का अनुभव करते हैं, ऐसे देरी से आते हुए भी दूर नहीं, समीप हैं; इसलिए लास्ट में आने वाले बच्चों को ड्रामानुसार हाई जम्प द्वारा फास्ट अर्थात् फर्स्ट जाने का गोल्डन चांस विशेष मिला हुआ है। (अ॰वा॰22.1.76 पृ.7 अंत, 8 आदि)	Download
490	फर्स्ट सो लास्ट, लास्ट सो फर्स्ट	ऐसे नहीं पहले आने वाले ही आगे जावेंगे। बाप कहते हैं पिछाड़ी में आने वालों को तख्त मिलता है तो तीखे हो जाते हैं। पुराने पीछे रह जाते हैं।..... देरी से आने वालों को तीखा दौड़ने का शौक रहता है। पुराने जैसे कि पुरुषार्थ करते-2 थक जाते हैं। (मु.8.3.76 पृ.3 अंत)	Download
491	फर्स्ट सो लास्ट, लास्ट सो फर्स्ट	जहाँ भी जिस कोने में बिछुड़े हुए बच्चे हैं वहाँ वह आत्माएँ समीप आनी ही हैं। इसलिए सेवा में भी वृद्धि होती रहती है। कितना भी चाहो शांत करके बैठ जाएँ, बैठ नहीं सकते। सेवा बैठने नहीं देगी, आगे बढ़ाएगी; क्योंकि जो आत्माएँ बाप की थीं वह बाप की फिर से बननी ही हैं। (अ॰वा॰6.1.88 पृ.204 मध्य)	Download
492	फर्स्ट सो लास्ट, लास्ट सो फर्स्ट	पिछाड़ी में साक्षात्कार की धुन होगी, जैसे पहले होती थी। महाराजा-महारानी बन पार्ट बजाते थे, आज वह हैं नहीं। एक-2 की दुर्गति की हिस्ट्री सुनो तो तुम वंडर खाओ। (मु.21.9.68 पृ.4 अंत)	Download
493	फर्स्ट सो लास्ट, लास्ट सो फर्स्ट	ऐसे भी नहीं कि पुराने जो हैं वही होशियार होंगे। कई नए पुराने से भी तीखे जाते हैं। (मु.13.4.77 पृ.3 आदि)	Download
494	फर्स्ट सो लास्ट, लास्ट सो फर्स्ट	पुराने-2 बच्चे कितने अच्छे थे, उनको माया ने हप कर लिया। ...समझ सकते हैं उनमें से फिर आएँगे। ज़रूर स्मृति आएगी कि हम बाप से पढ़ते थे। ... बाबा आने देंगे, फिर भी भल आकर पुरुषार्थ करें। कुछ न कुछ अच्छा पद मिल जाएगा। (मु.9.10.70 पृ.2 मध्य)	Download
495	फर्स्ट सो लास्ट, लास्ट सो फर्स्ट	जो नं॰ वन पावन था वही फिर नं. लास्ट पतित बना है। उनको ही अपना रथ बनाता हूँ। फर्स्ट सो लास्ट में आया है, फिर फर्स्ट में जाना है। (मु.21.5.68 पृ.2,3)	Download
496	फर्स्ट सो लास्ट, लास्ट सो फर्स्ट	तुम ही पहले-2 आए थे। अभी लास्ट में भी तुम हो। फिर पहले-2 तुम्हीं मनुष्य से देवता बनने वाले हो। (मु.16.7.73 पृ.2 मध्यांत)	Download

497	फर्स्ट सो लास्ट, लास्ट सो फर्स्ट	अच्छे-2 बच्चे थे, आज हैं नहीं। वंडर है ना। माया ऐसी दुस्तर है जो बड़े-2 महारथी जिनको हनुमान कहते, वह आज हैं नहीं, अजगर के पेट में चले गए। (मु.30.9.77 पृ.2 मध्य)	Download
498	फर्स्ट सो लास्ट, लास्ट सो फर्स्ट	25 वर्ष वाले अभी इतना भी नहीं सीखे हैं कि वह बेहद का बाप है, जिससे वर्सा पाते हैं। ...7 रोज़ वाला भी 25 वर्ष वाले से तीखा चला जाता है। (मु.22.8.73 पृ.2 मध्य)	Download
499	फर्स्ट सो लास्ट, लास्ट सो फर्स्ट	तुम बच्चे भी यह समझ रहे हो आत्मा और परमात्मा अलग रहे बहुकाल। तुम्हीं जो पहले अलग हुए हो फिर तुम्हीं आकर मिले हो। (मु.7.7.71 पृ.3 आदि)	Download
500	फर्स्ट सो लास्ट, लास्ट सो फर्स्ट	ब्राह्मण धर्म में तुम कितने जन्म लेते हो? (एक जन्म) कोई दो/तीन जन्म भी लेते हैं ना। (मु.12.3.69 पृ.3 मध्यांत)	Download
501	राम बाप को कहा जाता है	शिवबाबा आया हुआ है। रामनवमी मनाते हैं। ज़रूर आया था, राज्य करके गया था, तो उनका दिवस मनाते हैं। पहले तो रचयिता शिवबाबा आया होगा तब ही स्वर्ग की रचना रची होगी। उनके बाद फिर राम का राज्य चला। (मु.6.4.73 पृ.1 मध्य)	Download
502	राम बाप को कहा जाता है	रावण कोई बलवान नहीं है। राम बलवान है तो रावण भी बलवान है; क्योंकि दोनों ही आधा-2 कल्प राज्य करते हैं। (कौन? शिव!) (मु.4.4.72 पृ.1 आदि)	Download
503	राम बाप को कहा जाता है	राम अर्थात् ईश्वर और रावण, दोनों का चित्र इकट्ठा करना चाहिए। फिर दिखाओ कि यह राम है, यह रावण है। यह स्वर्ग बनाते हैं, यह फिर नर्क बना देते हैं। (मु.2.9.69 पृ.2 आदि)	Download
504	राम बाप को कहा जाता है	जैसे वंडरफुल रावण है, उससे भी वंडरफुल फिर राम शिव है। वो रावण है गुप्त दुश्मन और यह है प्रत्यक्ष दोस्त। (मु.9.10.73 पृ.4 अंत)	Download
505	राम बाप को कहा जाता है	प्रजापिता ब्रह्मा जिसको एडम कहा जाता है उनको ग्रेट-2 ग्रैंड फादर कहा जाता है। मनुष्य सृष्टि में प्रजापिता हुआ। (मु.5.2.71 पृ.1 मध्यांत)	Download
506	राम बाप को कहा जाता है	राम गयो, रावण गयो, जिनके बहु परिवार... रावण का परिवार कितना बड़ा है! तुम तो मुठभर हो। यह सारी रावण सम्प्रदाय है। तुम्हारा राम सम्प्रदाय कितने थोड़े हैं, 9 लाख। (मु.17.2.68 पृ.3 आदि)	Download
507	राम बाप को कहा जाता है	राम-राज्य राम द्वारा ही मिलता है। सतयुग से राम-राज्य शुरू होता है। (मु.17.7.72 पृ.1 अंत)	Download
508	राम बाप को कहा जाता है	मनुष्यों को क्या पता राम आया हुआ है। आवेंगे भी गुप्त वेश में। बाप कहते हैं जिन्होंने कल्प पहले भी न पहचाना है वह कभी नहीं पहचानेंगे। (मु.1.2.71 पृ.4 मध्य)	Download
509	राम बाप को कहा जाता है	वास्तव में राम भी राम (परम)पिता परमात्मा को कहते हैं। (मु.26.7.73 पृ.2 आदि)	Download

510	राम बाप को कहा जाता है	बाप ....जिनको भारतवासी राम भी कहते हैं; परंतु यथार्थ रीति न जानने कारण राम त्रेता वाला समझ लेते हैं। वास्तव में उनकी तो बात ही नहीं (संगम की बात है) (मु.4.2.67 पृ.1 आदि)	Download
511	राम बाप को कहा जाता है	यहाँ राम का मंदिर है ना। राम को काला बना दिया है। राम शायद अकेला है....., शादी न की हुई होगी। सीता साथ में होगी तो शादी किया हुआ कहेंगे। यह सब बातें तुम समझते हो। (मु.7.9.76 पृ.3 अंत)	Download
512	राम बाप को कहा जाता है	सभी हैं सीताएँ, राम है एक। सीता का पति राम और मुझे भी राम कहने कारण मिला दिया है। मेरा नाम वास्तव में राम है नहीं। पूजा कोई राम समझ नहीं करते हैं। शिव वा रुद्र कह पूजा करते हैं। सारा शुट(सूत) ही मुँझा दिया है। बुद्धि का शुट(सूत) मूँझा हुआ है। (मु.19.11.71 पृ.2 अंत) मु.16.11.76 पृ.2 अंत,	Download
513	राम बाप को कहा जाता है	राम अक्षर क्यों कहते हैं? क्योंकि रावण-राज्य है ना। तो इसकी भेंट में राम-राज्य कहा जाता है। राम है परमपिता परमात्मा जिसको ईश्वर भी कहते हैं, भगवान भी कहते हैं। असली नाम है उनका शिव। (मु.10.2.67 पृ.1 मध्यादि)	Download
514	राम बाप को कहा जाता है	स्वर्ग का वर्सा बाप ही आकर देते हैं। पुकारते भी उनको हैं " हे भगवान, हे राम!" (मु.30.1.70 पृ.3 मध्यादि)	Download
515	राम बाप को कहा जाता है	सर्वशक्तिवान तो एक बाप ही है जिसको राम भी कहते हैं। (मु.26.2.68 पृ.3 आदि)	Download
516	राम बाप को कहा जाता है	राम शिव को कहा जाता है। राम-2 जब जपते हैं तो वह त्रेता वाले राम को नहीं याद करते। (संगमी) माला में ऊपर में (कमल) फूल भी दिखाते हैं। (मु.7.11.68 पृ.2 आदि)	Download
517	राम बाप को कहा जाता है	इस समय तुम आत्माएँ राम शिवबाबा श्री-श्री की मत पर चलती हो। (मु.2.3.73 पृ.2 मध्यादि)	Download
518	राम बाप को कहा जाता है	यह राजयोग बाप ही सिखलाते हैं। कृष्ण को बाप नहीं कहेंगे। वह तो बच्चा है। (मु.19.1.75 पृ.2 मध्यांत)	Download
519	राम बाप को कहा जाता है	रावण द्वारा ही विकारी दुनिया होती है। राम बाप आकर सबको पावन बनाते हैं। (मु.27.2.69 पृ.1 मध्यांत)	Download
520	राम बाप को कहा जाता है	राम कहा जाता है बाप को। वह राम नहीं, जिसकी सीता चुराई गई। (मु.6.9.68 पृ.3 मध्य)	Download
521	राम बाप को कहा जाता है	राम कहते हैं तो भी वह एक ही निराकार ठहरा। (मु.26.8.73 पृ.3 आदि)	Download
522	राम बाप को कहा जाता है	बाप राम है राइट्स, रावण है अनराइट्स। (मु. 2.5.68 पृ.2 मध्यादि)	Download
523	राम बाप को कहा जाता है	राम शिवबाबा को कहा जाता है। (मु.7.9.68 पृ.3 आदि)	Download
524	राम बाप को कहा जाता है	बाबा ने समझाया है कि भक्ति को सीता कहा जाता है, भगवान को राम कहा जाता है। (मु.27.8.69 पृ.1 मध्यादि)	Download

525	राम बाप को कहा जाता है	लव-कुश के लिए भी कहानी है ना। लड़ाई के मैदान में राम के बच्चे बेहोश हो गए। राम के बच्चे कोई दो नहीं हैं, यहाँ तो ढेर बच्चे हैं। (मु.ता. 3.8.66 पृ.1 मध्य)	Download
526	राम बाप को कहा जाता है	राम परमात्मा को ही कहते हैं। राम-2 कह फिर पिछाड़ी में शिव को नमस्कार करते हैं। वही परमात्मा है। (मु.8.11.68 पृ.3 मध्यादि) मु.14.10.99 पृ.3 मध्य,	Download
527	राम बाप को कहा जाता है	.....कृष्ण किसका बाप नहीं हो सकता। वह तो छोटा बच्चा है, सतयुग का प्रिन्स है। वह टीचर भी नहीं हो सकता। खुद ही बैठकर टीचर से पढ़ते हैं। (मु.21.10.75 पृ.1 आदि)	Download
528	राम बाप ही पतित-पावन सद्गति दाता	गाते भी हैं सर्व का सद्गति दाता राम; परंतु बंदर बुद्धि होने कारण समझते नहीं हैं कि राम किसको कहा जाता है। ....कहेंगे जिधर देखो राम ही राम रमते हैं। (अभी संगम में) रमते तो मनुष्य हैं ना। (मु.7.3.67 पृ.1 अंत) मु.11.3.75 पृ.1 अंत,	Download
529	राम बाप ही पतित-पावन सद्गति दाता	पतित-पावन भी कहते हैं तो ज़रूर यहाँ आवेंगे ना। पतितों को पावन कोई प्रेरणा से थोड़े ही बनावेंगे। (मु.25.2.68 पृ.2 अंत)	Download
530	राम बाप ही पतित-पावन सद्गति दाता	शिवबाबा पार्ट न बजावे तो फिर कोई काम का न रहा। वैल्यू ही न होती। उनकी वैल्यू ही तब है जबकि सारी दुनिया की सद्गति करते हैं। तब उनकी महिमा होती है। (मु.15.12.68 पृ.1 अंत) मु.16.12.74 पृ.1 अंत,	Download
531	राम बाप ही पतित-पावन सद्गति दाता	एक ही बाप बैठ सभी को पावन बनाते हैं। एक को पावन बनने से सभी पावन बन जाते हैं। एक पतित होते तो सभी पतित हो जाते हैं। (मु.13.4.69 पृ.3 आदि) मु.21.3.74 पृ.3 मध्यादि,	Download
532	राम बाप ही पतित-पावन सद्गति दाता	बाप पतित-पावन आते हैं तो सारी दुनिया के मनुष्यमात्र तो क्या, प्रकृति को भी सतोप्रधान बनाते हैं। (मु.20.1.75 पृ.2 मध्य)	Download
533	राम बाप ही पतित-पावन सद्गति दाता	पतित-पावन बाप के सिवाय न कोई पावन निराकारी दुनिया में जा सकते, न पावन साकारी दुनिया में आ सकते। (मु.16.4.73 पृ.2 मध्यादि)	Download
534	राम बाप ही पतित-पावन सद्गति दाता	जबकि इनको सभी की सद्गति करने आना ही है तो ज़रूर किस रूप में आवेंगे ना। घर बैठे इनको आना है। (मु.7.7.72 पृ.2 अंत)	Download
535	राम बाप ही पतित-पावन सद्गति दाता	बाप कहते हैं मैं सभी धर्मों का सर्वेंट हूँ। आकर सभी को सद्गति करता हूँ। सद्गति कहा जाता है सतयुग को। (मु.22.3.68 पृ.2 आदि)	Download
536	राम बाप ही पतित-पावन सद्गति दाता	बाप तो निराकार है, फिर वह पतित-पावन कैसे ठहरा? क्या जादू लगाते हैं? पतितों को पावन बनाने ज़रूर उनको यहाँ आना पड़े। (मु.7.5.72 पृ.1 मध्यादि)	Download
537	राम बाप ही पतित-पावन सद्गति दाता	सबकी गति-सद्गति दाता एक राम है। गाते हैं पतित-पावन राम, फिर दूसरों को गुरू क्यों बनाते? बाप इनसे लिबरेट करते हैं, गुरुओं की ज़ंजीरों से निकालते हैं। (मु.4.9.73 पृ.3 अंत)	Download

538	राम बाप ही पतित-पावन सद्गति दाता	परमपिता परमात्मा शिव तो घड़ी-2 शरीर नहीं बदलते हैं। वह तो एक ही बार आते हैं। उनको ही पतित-पावन कहा जाता है। कह देते हैं पतित-पावन फिर सीता-राम। अब सीता-राम का भी अर्थ समझना चाहिए। सीता कहा जाता है भक्त को। इनका साजन है भगवान जिसको राम कह देते हैं। मु.2.6.72 पृ.1 आदि,	Download
539	राम बाप ही पतित-पावन सद्गति दाता	दुर्गति से निकाल सद्गति बाप ही देते हैं। वही क्रियेटर, डायरैक्टर, मुख्य एक्टर गाया जाता है। मुख्य एक्टर कैसे है? पतित-पावन बाप आकर पतित दुनिया में सभी को पावन बनाते हैं। तो मुख्य हुआ ना। (मु.17.6.72 पृ.2 अंत)	Download
540	राम बाप ही पतित-पावन सद्गति दाता	पतित-पावन बाप आकर जब पावन बनावे तब हम जा सकते हैं। अब बाप तुम बच्चों को पावन होने की युक्ति बता रहे हैं। (मु.1.11.71 पृ.3 आदि)	Download
541	राम बाप ही पतित-पावन सद्गति दाता	पुकारती हैं- हे पतित-पावन, आओ। तो ज़रूर उनको रथ चाहिए ना जिसमें आकर पावन बनावें। ज्ञान के बाण से तो पावन नहीं बनेंगे। (मु.30.5.70 पृ.2 आदि)	Download
542	राम बाप ही पतित-पावन सद्गति दाता	सभी गाते रहते हैं- पतित-पावन सीता-राम। हम पतित हैं, पावन बनाने वाला बाप है। वह सभी हैं भक्तिमार्ग की सीताएँ, बाप है राम। (मु.31.1.71 पृ.3 मध्य)	Download
543	राम बाप ही पतित-पावन सद्गति दाता	लिबरेटर ज्ञान का सागर शिवबाबा है, ब्रह्मा को नहीं कहेंगे। ब्रह्मा भी उनसे लिबरेट होता है। (मु.3.1.74 पृ.1 अंत) मु.2.1.84 पृ.1 अंत 2 आदि ,	Download
544	राम बाप ही पतित-पावन सद्गति दाता	गाते भी हैं- पतित-पावन, सर्व का सद्गति दाता परमात्मा है। ...पावन दुनिया में एक भी पतित होता नहीं। यह तो है ही पतित दुनिया। पावन एक भी हो न सके। (मु.23.9.71 पृ.1 अंत) मु.27.10.96 पृ.1 अंत,	Download
545	राम बाप ही पतित-पावन सद्गति दाता	एक ही बाप सर्व का सद्गति दाता, पतित-पावन है। ...जगत का बाप, जगत का शिक्षक, जगत का गुरू तो एक ही है। (मु.23.8.67 पृ.1 आदि)	Download
546	राम बाप ही पतित-पावन सद्गति दाता	इस समय सभी रावण के जेल में हैं। ...राम आते हैं रावण के जेल से छुड़ाने। (मु.12.6.69 पृ.2 आदि)	Download
547	राम बाप ही पतित-पावन सद्गति दाता	पहले-2 मुख्य बात बाप समझाते हैं कि पतित-पावन, ज्ञान सागर श्रीकृष्ण नहीं है। (मु.16.4.71 पृ.1 आदि) मु.27.4.01 पृ.1 मध्य ,	Download
548	राम बाप ही पतित-पावन सद्गति दाता	शिवबाबा बाबा भी है, साजन भी है। सभी सीताओं का राम है। वही पतित-पावन है। (मु.16.4.71 पृ.2 अंत)	Download
549	राम बाप ही पतित-पावन सद्गति दाता	सर्व का सद्गति दाता राम गाया जाता है तो वह ज़रूर तब आवेंगे जब सभी दुर्गति में हैं। (मु.12.6.72 पृ.1 अंत)	Download
550	राम मत से राम राज्य	अभी तुम बच्चों को ईश्वरीय मत मिल रही है जिसको राम मत कहा जाता है (कृष्ण मत नहीं)। (मु.12.6.69 पृ.1 आदि)	Download

551	राम मत से राम राज्य	राम-राज्य स्थापन करने के लिए तो बेहद का बापूजी चाहिए, जो राम-राज्य की स्थापना और रावण-राज्य का विनाश करे। (मु.6.7.71 पृ.1 मध्यांत)	Download
552	राम मत से राम राज्य	अगर राम-राज्य में चलना है तो राम की मत पर चलो। (मु.12.5.77 पृ.3 मध्यादि)	Download
553	राम मत से राम राज्य	राम मत से तुमने राज्य लिया है, रावण मत से राज्य गँवाया है। अभी फिर ऊपर चढ़ने लिए तुमको राम मत मिलती है। (मु.7.6.68 पृ.3 मध्य)	Download
554	राम मत से राम राज्य	अभी राम शिवबाबा मत देते हैं। निश्चय में ही विजय है। (मु.10.12.68 पृ.2 मध्य)	Download
555	राम फेल	रामचंद्र ने जीत नहीं पाई इसलिए उनको क्षत्रिय की निशानी दे दी है। (मु.23.7.68 पृ.3 मध्य)	Download
556	राम फेल	तुम सभी क्षत्रिय हो ना, जो माया पर जीत पाते हो।.....राम को बाण आदि दे दिए हैं। हिंसा तो त्रेता में होती नहीं। (तो कहाँ?) (मु.23.7.68 पृ.3 मध्य)	Download
557	राम फेल	रामचंद्र है, इनको भी सज़ाएँ खानी पड़ीं; क्योंकि नापास हुए। इसलिए इनको बाण दिखाते हैं। क्षत्रिय तो हम सब ही वॉरियर्स हैं ना। (मु.5.1.67 पृ.3 मध्यादि)	Download
558	राम फेल	बाप समझाते हैं- ऐसे नहीं कहेंगे रामचंद्र फेल हुआ। नहीं। (यज्ञ में) कोई बच्चे फेल हुए जो जाकर भविष्य में रामचंद्र बनते हैं। राम वा सीता त्रेता में थोड़े ही पढ़ते हैं जो कहें फेल हुए। यह भी समझ की बात है ना। कोई सुने रामचंद्र फेल हुआ तो कहेंगे कहाँ पढ़ते थे? आगे जन्म में ऐसा पढ़कर यह पद पाया है। (मु.9.8.70 पृ.1 मध्यादि)	Download
559	राम फेल	राम-(सीता) को भी पहले ल॰ना॰ का दास-दासी बनना पड़े; क्योंकि ल॰ना॰ फुल पास हुए। वो फेल हुआ (यज्ञ में); इसलिए उनको क्षत्रिय कहेंगे। (मु.21.5.73 पृ.3 अंत)	Download
560	राम फेल	रामचन्द्र भी राजयोग सीखता था, सीखते-2 फेल हो गया; इसलिए क्षत्रिय नाम पड़ा। (मु.31.8.70 पृ.3 मध्यांत)	Download
561	राम फेल	राम फेल हुआ, 33 माक्र्स से कम माक्र्स मिले तो चंद्रवंशी में चला गया। (मु.ता॰15.10.77 पृ.2 अंत)	Download
562	राम फेल	चन्द्रवंशी राम को बाण आदि दिए हैं। वास्तव में ज्ञान बाण की बात है। वह नापास हुआ इसलिए निशानी दे दी है। (मु.ता॰2.12.82 पृ.1 अंत)	Download
563	प्रजापिता (साकार)	ग्रेट-2 ग्रैंड फादर यह टाइटिल हो गया प्रजापिता ब्रह्मा का। ज़रूर ग्रैंड मदर, ग्रैंड चिल्ड्रेन भी होंगे । (मु.19.10.73 पृ.3 अंत)	Download
564	प्रजापिता (साकार)	प्रजापिता को भी क्रियेटर कहते हैं। ब्रह्मा द्वारा मनुष्य सृष्टि पैदा होती है, इसलिए प्रजापिता अर्थात् मनुष्यों का पिता कहा जाता है। (मु.27.7.65 पृ.2 आदि)	Download
565	प्रजापिता (साकार)	ब्राह्मण तब होंगे जब प्रजापिता सन्मुख होगा। अभी तुम सन्मुख हो। (मु.6.8.75 पृ.1 अंत)	Download

566	प्रजापिता (साकार)	अभी तुम प्रजापिता ब्रह्मा के बने हो। तुम जानते हो प्रजापिता ब्रह्मा द्वारा शिवबाबा स्वर्ग ले जाएँगे। (मु.18.4.73 पृ.4 मध्य)	Download
567	प्रजापिता (साकार)	प्रजापिता ब्रह्मा तो ज़रूर चाहिए, यहाँ कल्प के संगम पर होना चाहिए तब तो ब्राह्मणों की नई सृष्टि रची जाए। (मु.16.3.73 पृ.3 मध्य) मु.17.3.78 पृ.3 मध्य,	Download
568	प्रजापिता (साकार)	व्यक्त प्रजापिता ब्रह्मा चाहिए। सूक्ष्मवतन में तो प्रजापिता नहीं होता है। प्रजापिता ब्रह्मा यहाँ चाहिए। (मु.5.8.73 पृ.2 मध्यांत)	Download
569	प्रजापिता (साकार)	ब्रह्माकुमारियों के आगे प्रजापिता अक्षर ज़रूर लिखना है। प्रजापिता कहने से बाप सिद्ध हो जाता है। हम प्रश्न ही पूछते हैं कि प्रजापिता से क्या सम्बंध है; क्योंकि ब्रह्मा नाम तो बहुतों के हैं। कोई फीमेल का भी ब्रह्मा नाम है। प्रजापिता नाम तो किसका होता नहीं। इसलिए प्रजापिता अक्षर ज़रूरी है। (मु.4.9.72 पृ.2 आदि)	Download
570	प्रजापिता (साकार)	प्रजापिता ज़रूर यहाँ ही होगा। उनका अंतिम जन्म लेखराज है। वह तो प्रजापिता बन नहीं सकता। (मु.21.8.73 पृ.5 मध्यांत)	Download
571	प्रजापिता (साकार)	यह तो जवाहरी था, यह कैसे प्रजापति हो सकता? (मु.28.7.72 पृ.4 अंत) मु.29.7.77 पृ.3 अंत,	Download
572	प्रजापिता (साकार)	प्रजापिता ब्रह्मा साधारण मनुष्य बहुत जन्मों के अंत में गरीब हुआ ना। इस समय है ही खादी के कपड़े। (मु.19.10.69 पृ.1 अंत)	Download
573	प्रजापिता (साकार)	वरसा देने लिए ज़रूर ब्रह्मा तन में आवेंगे। यह प्रजापिता ब्रह्मा है। सूक्ष्मवतनवासी ब्रह्मा को प्रजापिता नहीं कहेंगे। वहाँ थोड़े ही प्रजा रचेंगे। हम ब्रह्माकुमार-कुमारियाँ स्थूल में हैं तो प्रजापिता ब्रह्मा भी स्थूल में है। यह राज़ बैठ समझो। (मु.4.11.72 पृ.2 आदि)	Download
574	प्रजापिता (साकार)	पतित शरीर का नाम है प्रजापिता ब्रह्मा। इनमें प्रवेश कर कहते हैं मैं बहुत जन्मों के अंत वाले साधारण मनुष्य में प्रवेश करता हूँ। पतित शरीर में आते हैं, सूक्ष्मवतनवासी पावन ब्रह्मा में नहीं आते हैं। (मु.4.11.65 पृ.1 आदि)	Download
575	प्रजापिता (साकार)	ब्रह्मा को भी प्रजापिता कहते हैं। प्रजा माना ही मनुष्य सृष्टि। शिव है आत्माओं का बाप। दो बाप तो सभी को हैं; परंतु सर्व आत्माओं का बाप शिव है। (मु.11.11.71 पृ.1 अंत)	Download
576	प्रजापिता (साकार)	प्रजापिता ब्रह्मा के कितने ढेर बच्चे हैं। कितना गृहस्थी है। यह है बेहद का गृहस्थ व्यवहार। (मु.4.12.76 पृ.3 अंत)	Download
577	प्रजापिता (साकार)	शिवबाबा भी है। इतने ब्रह्माकुमार-कुमारियाँ हैं तो ज़रूर अण्डरस्टुड प्रजापिता भी है। (मु.31.1.70 पृ.3 मध्य)	Download
578	प्रजापिता (साकार)	ब्रह्मा नहीं शास्त्रों का सार सुनाता। वह कहाँ से सीखा? उनको भी बाप वा गुरू होगा ना। प्रजापिता तो ज़रूर मनुष्य होगा और यहाँ ही होगा। (मु.21.10.73 पृ.2 अंत)	Download
579	प्रजापिता (साकार)	इतने ब्रह्माकुमार-कुमारियाँ हैं, ज़रूर प्रजापिता भी होगा। (मु.13.2.67 पृ.2 मध्य) मु.31.3.75 पृ.3 अंत,	Download

580	प्रजापिता (साकार)	ऐसे कहाँ भी लिखा हुआ नहीं है कि प्रजापिता ब्रह्मा सूक्ष्मवतनवासी है। सूक्ष्मवतन में थोड़े ही प्रजा होती है। प्रजापिता ब्रह्मा तो ज़रूर यहाँ चाहिए ना। (मु.4.10.77 पृ.2 मध्यांत)	Download
581	प्रजापिता (साकार)	बाप प्रजापिता ब्रह्मा द्वारा ब्रह्माकुमार-कुमारियों को समझा रहे हैं, शूद्रकुमारियों को नहीं। (मु.14.6.72 पृ.1 मध्य)	Download
582	प्रजापिता (साकार)	पहले-2 जिस द्वारा रचना रचते हैं उनको कहा जाता है प्रजापिता ब्रह्मा। वह है ग्रेट-2 ग्रैंड फादर। शिवबाबा को ग्रेट-2 ग्रैंड फादर नहीं कहेंगे। (मु.3.5.72 पृ.1 अंत, 2 आदि)	Download
583	प्रजापिता (साकार)	प्रजापिता ब्रह्मा कहते हैं; परंतु यथार्थ रीति नहीं जानते। ब्रह्मा किसका बच्चा है? तुम कहेंगे परमपिता परमात्मा शिव ने उनको एडॉप्ट किया है। यह तो शरीरधारी है ना। ईश्वर के(की) औलाद सभी आत्माएँ हैं। फिर शरीर मिलता है तो प्रजापिता ब्रह्मा की एडॉप्शन कहते हैं। वह एडॉप्शन नहीं है। परमपिता परमात्मा ने एडॉप्ट नहीं किया। तुमको एडॉप्ट किया है। तुम हो ब्रह्माकुमार-कुमारियाँ। शिवबाबा एडॉप्ट नहीं करते हैं। (मु.11.1.71 पृ.3 अंत)	Download
584	प्रजापिता (साकार)	प्रजापिता ब्रह्मा के बच्चे वह भी ज़रूर ब्रह्मा के साथ होंगे। ब्राह्मण कुल भी तो ज़रूर चाहिए। इसको कहा जाता है सर्वोत्तम ऊँच ते ऊँच ब्राह्मण कुल। (मु.4.6.66 पृ.2 मध्यांत)	Download
585	प्रजापिता (साकार)	प्रजापिता ब्रह्मा द्वारा आकर सर्व की सद्गति करते हैं। उनको ही सब पुकारते हैं। देखते हैं ना। (मु.6.3.76 पृ.1 अंत)	Download
586	प्रजापिता (साकार)	प्रजापिता ब्रह्मा तो यहाँ हैं। तुमको साक्षात्कार होता है व्यक्त ब्रह्मा पवित्र हो जाते हैं तो वहाँ फिर सम्पूर्ण रूप दिखाई पड़ता है। (मु.31.3.72 पृ.2 अंत)	Download
587	प्रजापिता (साकार)	प्रजापिता ब्रह्मा जो होकर गए हैं वह इस समय प्रेजेंट हैं। (मु.11.3.73 पृ.1 आदि)	Download
588	प्रजापिता (साकार)	शिव को वा कृष्ण को प्रजापिता नहीं कहते। यह तो कृष्ण पर झूठा कलंक लगाया है कि उनको 16,108 रानियाँ थीं। यह तो प्रजापिता ब्रह्मा इतने बच्चे और बच्चियाँ पैदा करते हैं। (मु.3.3.73 पृ.2मध्य) मु.3.3.78 पृ.2 मध्यांत,	Download
589	प्रजापिता (साकार)	अब प्रजापिता ब्रह्मा तो मनुष्य सृष्टि में है। (मु.7.12.73 पृ.2 अंत)	Download
590	प्रजापिता (साकार)	यह भी नहीं समझते हैं कि ब्रह्मा ज़रूर साकार में होना चाहिए जिस द्वारा परमपिता परमात्मा सृष्टि रचते हैं। (मु.30.12.98 पृ.2 मध्य)	Download
591	प्रजापिता (साकार)	प्रजापिता ब्रह्मा का निवास स्थान परमधाम को नहीं कहेंगे। वो तो यहाँ पर साकारी दुनिया में होगा ना। सूक्ष्मवतन में भी नहीं होता है। प्रजा तो है ही स्थूलवतन में। (मु.26.12.67 पृ.2आदि) मु.9.12.00 पृ.2 अंत,	Download

592	प्रजापिता (साकार)	आत्माएँ हैं शिवबाबा के बच्चे और फिर साकार में हम बहन-भाई सभी हैं प्रजापिता ब्रह्मा के बच्चे। यह है सभी का ग्रेट-2 ग्रैंड फादर। ...शिवबाबा और प्रजापिता ब्रह्मा- आत्माओं का बाप और सभी मनुष्य मात्र का बाप। (मु.13.1.70 पृ.1 अंत)	Download
593	प्रजापिता (साकार)	प्रजापिता ब्रह्मा है ग्रेट-2 ग्रैंड फादर। मनुष्य सृष्टि काबड़ा तो ब्रह्मा हो गया ना। शिव को ऐसे नहीं कहेंगे, उनको सिर्फ फादर कहेंगे। ...ज़रूर ग्रैंड मदर, ग्रैंड चिल्ड्रेन भी होंगे। (मु.ता॰19.10.73 पृ.3 अंत)	Download
594	प्रजापिता (साकार)	यह भी समझते हैं प्रजापिता ब्रह्मा तो ज़रूर साकारी सृष्टि पर ही होगा। मूँझे हुए हैं। ... वह (साकार) है कर्मबंधन में, वह (अव्यक्त) है कर्मातीत। ... बाप बैठ अर्थ समझाते हैं। प्रजापिता ब्रह्मा जो मनुष्य था वही फिर फरिश्ता बनता है। (मु.30.1.68 पृ.1 मध्यांत, 2 आदि)	Download
595	प्रजापिता (साकार)	प्रजापिता ब्रह्मा तो ज़रूर यहाँ ही होगा ना। बहुत करके तो इस पर ही मूँझते हैं। (मु.15.10.69 पृ.1 मध्य)	Download
596	प्रजापिता (साकार)	शिव है निराकारी बाप। प्रजापिता ब्रह्मा है साकारी बाप। अभी तुम साकार द्वारा निराकार बाप से वर्सा ले रहे हो। (मु.15.1.67 पृ.3 अंत)	Download
597	प्रजापिता (साकार)	कई बच्चे बापदादा अर्थात् दोनों बाप के बजाए एक ही बाप द्वारा ख़ज़ाने के मालिक बनने के विधि को अपनाते हैं। इससे भी प्राप्ति से वंचित हो जाते हैं। हमारा निराकार से डायरैक्ट कनेक्शन है, ...साकार की क्या अवश्यकता है! लेकिन ऐसी चाबी खंडित चाबी बन जाती है। (अ॰वा॰14.10.81 पृ.58 आदि)	Download
598	प्रजापिता (साकार)	त्रिमूर्ति अक्षर भी ज़रूर लिखना है। प्रजापिता अक्षर भी ज़रूरी है; क्योंकि ब्रह्मा नाम भी बहुतों के हैं। प्रजापिता अक्षर लिखेंगे तो समझेंगे कि साकार में प्रजापिता ठहरा। सिर्फ ब्रह्मा लिखने पर सूक्ष्मवतन वाला समझ लेते हैं। (मु.16.10.69 पृ.2 मध्यादि)	Download
599	ब्रह्मा बड़ी माँ है	तुम्हारी बड़ी मम्मी ब्रह्मा है; परंतु कई बच्चों ने पूरा नहीं पहचाना है। अभी अजन पहचानते रहते हैं। (मु.1.5.73 पृ.2 आदि)	Download
600	ब्रह्मा बड़ी माँ है	भल सरस्वती है; परंतु वास्तव में सच्ची-2 मदर ब्रह्मपुत्रा है। ब्रह्मपुत्रा सबसे, सरस्वती से भी बड़ी है। तो ब्रह्मपुत्रा किसको रखेंगे। नाम रख दिया है ब्रह्मपुत्री। (मु.2.1.75 पृ.2 मध्यादि)	Download
601	ब्रह्मा बड़ी माँ है	बेहद के भी दो बाप हैं तो माँ भी ज़रूर दो होंगी। एक जगदम्बा माँ, दूसरी यह (ब्रह्मा) भी माता ठहरी। (मु.10.2.73 पृ.1 आदि)	Download
602	ब्रह्मा बड़ी माँ है	तुम मात-पिता ... तो माता यह सिद्ध हुई। वह बाप इसमें प्रवेश हो रचते हैं तो यह बूढ़ा प्रजापिता भी ठहरा, फिर माता भी बूढ़ी ठहरी। बूढ़े ही चाहिए ना। (मु.5.1.78 पृ.1 मध्यांत)	Download
603	ब्रह्मा बड़ी माँ है	यह सतगुरू सच बोलते हैं। वह झूठे गुरू तो आधे में ही छोड़ मर जाते हैं। वह थोड़े ही सद्गति देते हैं। मैं तो साथ ले जाऊँगा। कलियुगी गुरू ऐसे कह न सके। (मु.17.6.78 पृ.3 मध्यांत)	Download

604	ब्रह्मा बड़ी माँ है	सद्गति भी सभी की कर देते हैं प्रैक्टिकल में। ऐसे नहीं शिवबाबा चला जावेगा और हम यहाँ ही बैठे रहेंगे, फिर दूसरा गुरू करना पड़ेगा, नहीं। (मु.12.11.68 पृ.1 अंत)	Download
605	ब्रह्मा बड़ी माँ है	यह ब्रह्मा है एडॉप्टेड । प्रजापिता ब्रह्मा द्वारा ब्राह्मण। (मु.6.2.71 पृ.1 अंत)	Download
606	ब्रह्मा बड़ी माँ है	बहुत जन्मों के अंत में इनके शरीर को अपना रथ बनाया। एडॉप्ट करते हैं ना। स्त्री को भी एडॉप्ट करते हैं फिर पियर घर का नाम बदल कर ससुर के घर का नाम रख देते हैं। बाप ने भी इनमें प्रवेश किया तो इनका नाम बदल दिया। इनको एडॉप्ट करके जैसे कि घर वाली बना लिया। (मु.5.5.67 पृ.2 अंत) मु.5.5.75 पृ.2 अंत,	Download
607	ब्रह्मा बड़ी माँ है	ब्रह्मा भी रचना है शिवबाबा की। (मु.26.6.70 पृ.1 आदि) मु.26.6.75 पृ.1 आदि,	Download
608	ब्रह्मा बड़ी माँ है	पहले ब्राह्मण बनाते हैं। ब्रह्मा कहाँ से आया? ब्रह्मा को एडॉप्ट किया। जैसे स्त्री को एडॉप्ट किया जाता है, फिर बच्चे पैदा होते हैं। मैंने भी इनको एडॉप्ट किया। इनके मुखकमल से तुमको रचता हूँ। माता चाहिए ना। (मु.28.11.65 पृ.7 मध्यांत)	Download
609	ब्रह्मा बड़ी माँ है	यह ब्रह्मा माता हो गई ....परन्तु फिर माताओं को सम्भालने लिए माता चाहिए। इसलिए एडॉप्टेड गोद ली बच्ची ब्रह्माकुमारी सरस्वती। कितनी गुह्य बातें हैं! (मु.17.4.72 पृ.2 अंत)	Download
610	ब्रह्मा बड़ी माँ है	मुख से स्त्री को क्रियेट किया तो रचता हो गया। कहते हैं यह मेरी है। मैंने इनसे बच्चे पैदा किए हैं। (मु.1.10.75 पृ.1 अंत)	Download
611	ब्रह्मा बड़ी माँ है	ब्रह्मा कोई क्रियेटर नहीं है। (मु.5.3.73 पृ.1 मध्यादि)	Download
612	ब्रह्मा बड़ी माँ है	आप सोचते होंगे कि लोग पुछेंगें कि आपका ब्रह्मा बाबा सौ वर्ष से पहले ही चला गया? यह तो बहुत सहज प्रश्न है, कोई मुश्किल नहीं। सौ के नज़दीक ही तो आयु थी। यह जो सौ वर्ष कहे हुए हैं, यह गलत नहीं हैं। अगर कुछ रहा हुआ है तो आकार द्वारा पूरा करेंगे। सौ वर्ष ब्रह्मा की स्थापना का पार्ट है। वह तो सौ वर्ष पूरा होना ही है; लेकिन बीच में ब्रह्मा के बाद ब्राह्मणों का जो पार्ट है वह अब चलना है। (अ॰वा॰21.1.69 पृ.21 मध्य)	Download
613	ब्रह्मा बड़ी माँ है	फादर निराकार है, ज़रूर वर्सा देंगे तो यहाँ आना पड़े ना, जो अपना परिचय दे। तो ज़रूर इनको माता बनना पड़े। तो यह बड़ी माता हो गई। दादा है निराकार और दादी भी चाहिए तब मम्मा मिली। कितनी वण्डरफुल नॉलेज है। दादी तो कोई बन न सके। इनको ही कहा जावेगा; परन्तु दादी भी मेल हो गया; क्योंकि मुखवंशावली है ना। यह बड़ा वण्डरफुल है! (मु.12.8.73 पृ.3 मध्यांत)	Download

614	ब्रह्मा बड़ी माँ है	बाप तो खुद है फिर इन द्वारा एडॉप्ट करते हैं तो यह बड़ी माता हो गई। फिर पहले नम्बर में सरस्वती को एडॉप्ट किया है। बाप ने इनमें प्रवेश किया है। यह (मम्मा) तो एडॉप्ट है। ...तुम्हारे लिए तो माता-पिता हैं। हमारे लिए तो पति भी हुआ तो पिता भी हुआ। प्रवेश कर अपनी बन्नी (स्त्री) भी मुझे बनाया है । (मु.20.10.73 पृ.2 मध्य)	Download
615	ब्रह्मा बड़ी माँ है	तुम मात-पिता... पीछे तुम कह सकते हो- बापदादा। यह तो मात-पिता में बाप आ जाता है; परंतु नहीं। ...रचना है तो माता ज़रूर चाहिए। अब माता पहले कौन है, यह है गुह्य ते गुह्य बात। ...प्रजापिता ब्रह्मा के साथ कोई प्रजा पत्नी भी चाहिए? नहीं। प्रजा पत्नी नहीं चाहिए; क्योंकि यह मुखवंशावली है। (मु.29.9.78 पृ.1 आदि)	Download
616	ब्रह्मा बड़ी माँ है	यह दादा मम्मी भी है। वह बाप तो अलग है। ...परंतु यह मेल होने कारण फिर माता मुकर्रर की जाती है। (मु.19.1.75 पृ.1 मध्यादि) मु.17.1.00 पृ.1 अंत ,	Download
617	ब्रह्मा बड़ी माँ है	प्रजापिता को भी पिता कहते हैं। तो माता कहाँ? ... यह प्रजापिता भी है तो माता भी है। ...तो यह (ब्रह्मा) माता बन जाती है। ...यह भी एडॉप्ट मदर है। वह है फादर। इसको फिर नंदीगण वा बैल भी दिखाते हैं। गाय को कब भी नहीं दिखाते हैं। (मु.5.12.71 पृ.1 मध्यांत)	Download
618	ब्रह्मा बड़ी माँ है	कहते हैं- तुम मात-पिता... तो यह (ब्रह्मा) माता हो गई। तो इन(के) साथ भी संबंध रखना पड़े। अगर इनसे प्यार गया तो खेल खलास। मात-पिता से गया तो वर्सा कैसे मिले? (मु.13.10.65 पृ.3 मध्य)	Download
619	ब्रह्मा बड़ी माँ है	अब प्रजापिता दोनों बाप ठहरा ना। ...बाप तो माता द्वारा एडॉप्ट करेंगे ना। ...वह है सरस्वती बेटी; परंतु बेटी द्वारा तो एडॉप्ट नहीं किया जाता है। ...उसने इसमें प्रवेश किया है, तब (ब्रह्मा को) खुद कहते हैं तुम हमारा बच्चा भी हो, बन्नी (पत्नी) भी हो। (मु.11.12.71 पृ.1 मध्यांत)	Download
620	ब्रह्मा बड़ी माँ है	बाप तो बाप है और यह (ब्रह्मा) तुम्हारी मम्मा है। कलश पहले इनको (ब्रह्मा को) मिलता है; परंतु सरस्वती की महिमाबढ़ने के लिए उनको आगे रखा है। (मु.15.10.77 पृ.3 आदि)	Download
621	ब्रह्मा टेम्पररी रथ या मुकर्रर रथ या भाग्यशाली रथ	बाबा सारा समय (संगम) इसमें नहीं रहते हैं। हाँ, यह उनका मुकर्रर रथ है। उनको हुसैन का रथ कहा जाता है। (मु.15.8.72 पृ.3 आदि)	Download
622	ब्रह्मा टेम्पररी रथ या मुकर्रर रथ या भाग्यशाली रथ	अकालमूर्त का रथ अथवा तख़्त खास मुकर्रर है। (मु.5.8.73 पृ.2 आदि) मु.8.8.78 पृ.2 आदि,	Download
623	ब्रह्मा टेम्पररी रथ या मुकर्रर रथ या भाग्यशाली रथ	शिवबाबा का यह टेम्पररी रथ है। कहते हैं शिवबाबा को याद कर इनकी गोद में आओ, नहीं तो पाप लग जावेगा। (मु.25.6.66 पृ.3 मध्यांत)	Download

624	ब्रह्मा टेम्पररी रथ या मुकर्रर रथ या भाग्यशाली रथ	मैं भी टेम्पररी इस तन में आया हूँ। (मु.3.9.73 पृ.1 अंत)	Download
625	ब्रह्मा टेम्पररी रथ या मुकर्रर रथ या भाग्यशाली रथ	भल यह शरीर लिया हुआ है। वह भी टेम्पररी। 60 वर्ष तो नहीं लिया है ना। (मु.4.3.69 पृ.1 आदि)	Download
626	ब्रह्मा टेम्पररी रथ या मुकर्रर रथ या भाग्यशाली रथ	स्वयं भगवान के उस मुखकमल से सुनते हो। यह भगवान का लोन लिया हुआ मुख है ना, जिसको गऊ मुख भी कहते हैं। बड़ी माता है ना। (मु.28.5.70 पृ.1 मध्यांत)	Download
627	ब्रह्मा टेम्पररी रथ या मुकर्रर रथ या भाग्यशाली रथ	बाप कहते हैं मैं भी थोड़े समय के लिए लोन लेता हूँ। 60 वर्ष में वानप्रस्थ अवस्था होती है। (मु.26.10.68 पृ.2 मध्यादि)	Download
628	ब्रह्मा टेम्पररी रथ या मुकर्रर रथ या भाग्यशाली रथ	पुरुशों के लिए तो एक जूती गई तो दूसरी-तीसरी जूती ले लेंगे। शरीर को जूती कहा जाता है। शिवबाबा का भी यह लांग बूट है ना। (मु.21.6.74 पृ.3 मध्य) मु.15.6.84 पृ.3 मध्य ,	Download
629	ब्रह्मा टेम्पररी रथ या मुकर्रर रथ या भाग्यशाली रथ	यह जो ब्रह्मा है जिसमें बाप बैठ वर्सा दिलाते हैं, इनका भी शरीर छूट जावेगा। (मु.5.2.71 पृ.2 अंत, 3 आदि)	Download
630	ब्रह्मा टेम्पररी रथ या मुकर्रर रथ या भाग्यशाली रथ	मैं थोड़े समय के लिए इनमें प्रवेश करता हूँ। यह तो पुरानी जूती है। पुरुश की एक स्त्री मर जाती है तो कहते पुरानी जूती गई, अभी फिर नई लेते हैं। यह (ब्रह्मा) भी पुराना तन है ना। (मु.11.7.70 पृ.2 मध्यादि)	Download
631	ब्रह्मा टेम्पररी रथ या मुकर्रर रथ या भाग्यशाली रथ	यह तो शिवबाबा का रथ है ना। सारे वर्ल्ड को हैविन बनाने वाला है। (मु.11.1.75 पृ.3 मध्य)	Download
632	ब्रह्मा टेम्पररी रथ या मुकर्रर रथ या भाग्यशाली रथ	बाप सभी बातों का अनुभवी है। तब तो बाप ने भी उनको अपना रथ बनाया है। गरीबी का, साहूकारी का सभी में अनुभवी है। ड्रामा अनुसार यह एक ही रथ है। यह कब बदल नहीं सकता। (मु.29.7.70 पृ.3 अंत.)	Download
633	ब्रह्मा टेम्पररी रथ या मुकर्रर रथ या भाग्यशाली रथ	शिवबाबा और ब्रह्मा बाबा का रथ एक ही है तो ज़रूर शिवबाबा भी खेल तो सकते होंगे ना। (मु.13.10.68 पृ.3 आदि)	Download
634	ब्रह्मा टेम्पररी रथ या मुकर्रर रथ या भाग्यशाली रथ	शरीर छूटेगा तब जब बाप का रथ आकर लेंगे। (मु.रात्रि.क्ला.10.5.68 पृ.2 अंत)	Download
635	ब्रह्मा टेम्पररी रथ या मुकर्रर रथ या भाग्यशाली रथ	बंगाल, बिहार का ज़ोन तो शृंगार करना जानता है। ...साकार तन को ढूँढ़ा भी यहाँ से ही है। (अ॰वा॰1.2.79 पृ.258 अंत, 259 आदि)	Download
636	ब्रह्मा टेम्पररी रथ या मुकर्रर रथ या भाग्यशाली रथ	कहते हैं मैं इस रथ का लोन लेता हूँ। भागीरथ भी क्यों कहते हैं? क्योंकि बहुत भाग्यशाली रथ है। यही फिर विश्व का मालिक बनते हैं तो भागीरथ ठहरा ना। (मु.26.9.68 पृ.1 मध्य)	Download

637	ब्रह्मा टेम्पररी रथ या मुकर्रर रथ या भाग्यशाली रथ	यह रथ कायम ही रहता है। ... यह तो मुकर्रर है ड्रामा अनुसार। इनको कहा जाता है भाग्यशाली रथ। ... भाग्यशाली रथ एक कहा जाता है, जिसमें बाप आकर ब्रह्मा द्वारा ज्ञान देते हैं, स्थापना का कार्य करते हैं। (मु.26.8.69 पृ.3 मध्य) मु.11.9.85 पृ.3 मध्यादि,	Download
638	गुलज़ारमोहिनी में ब्रह्मा बाबा आते, शिवबाबा नहीं	देखते हो बाबा ने जिसमें प्रवेश किया है उसमें भी ठाठ की कोई बात नहीं। कपड़े आदि सभी वही हैं। (मु.9.2.71 पृ.1 मध्यादि)	Download
639	गुलज़ारमोहिनी में ब्रह्मा बाबा आते, शिवबाबा नहीं	बच्चे कहते हैं आज हमारे में बाबा आकर मुरली चला गया। क्या तुम्हारे शरीर पर कोई बोझ पड़ा? कुछ भी नहीं। कोई तकलीफ थोड़े ही होती है। (मु.7.5.73 पृ.1 मध्यांत)	Download
640	गुलज़ारमोहिनी में ब्रह्मा बाबा आते, शिवबाबा नहीं	यह बाबा भी जानते हैं हमने यह अपना शरीर रूपी मकान किराया पर दिया है। .....ड्रामाप्लेननुसार उनको और कोई मकान लेना ही नहीं है। कल्प-2 यही मकान लेना पड़ता है। (मु.2.12.68 पृ.2 आदि)	Download
641	गुलज़ारमोहिनी में ब्रह्मा बाबा आते, शिवबाबा नहीं	बाबा तो बड़ी सभाओं में नहीं बैठ समझावेंगे। (मु.4.9.73 पृ.2 मध्य)	Download
642	गुलज़ारमोहिनी में ब्रह्मा बाबा आते, शिवबाबा नहीं	जैसे ब्राह्मणों को बुलाया जाता है, घोस्ट भी आकर प्रवेश करते हैं। तो वह आत्मा हुई ना! घोस्ट अपना कर्तव्य करते हैं तो उनका फिर पार्ट बंद हो जाता। मु.12.7.73 पृ.3 मध्य,	Download
643	गुलज़ारमोहिनी में ब्रह्मा बाबा आते, शिवबाबा नहीं	लाउडस्पीकर पर कब पढ़ाई होती है क्या? टीचर सवाल कैसे पूछेंगे? लाउडस्पीकर पर रिस्पॉण्ड कैसे दे सकेंगे? इसलिए थोड़े-2 स्टूडेंट को पढ़ाते हैं। (मु.15.9.76 पृ.3 आदि)	Download
644	गुलज़ारमोहिनी में ब्रह्मा बाबा आते, शिवबाबा नहीं	मैं सूक्ष्मवतनवासी ब्रह्मा देवता में प्रवेश नहीं करता हूँ। मुझे तो यहाँ पतित को पावन बनाना है। मेरे द्वारा ही वो सूक्ष्मवतनवासी ब्रह्मा पावन बना है। (मु.4.11.65 पृ.1 मध्यादि)	Download
645	गुलज़ारमोहिनी में ब्रह्मा बाबा आते, शिवबाबा नहीं	ब्रह्मा नाम कब बदल नहीं सकता। ब्रह्मा द्वारा ही स्थापना करते हैं तो दूसरे के तन में थोड़े ही आवेंगे। अगर दूसरे में आवें तभी भी उनका नाम ब्रह्मा रखना पड़े। (मु.17.3.73 पृ.2 अंत)	Download
646	गुलज़ारमोहिनी में ब्रह्मा बाबा आते, शिवबाबा नहीं	मेरा आने का पार्ट एक ही बार संगम पर है। ऐसे भी नहीं कि तुम्हारे बुलाने पर आता हूँ। जब मेरे आने का समय होता तो एक सेकेंड न ऊपर, न नीचे, एक्युरेट टाइम पर आता हूँ। मुझे ऑरगन्स ही कहाँ हैं जो तुम्हारी पुकार सुनूँगा। ... जब समय होता है तो आकर पतितों को पावन बनाता हूँ। ऐसे नहीं कि तुम्हारी रड़ियाँ कोई भगवान सुनते हैं। (मु.5.12.71 पृ.3 मध्यादि) मु.6.12.76 पृ.3 आदि,	Download
647	गुलज़ारमोहिनी में ब्रह्मा बाबा आते, शिवबाबा नहीं	बाप आते भी रात्रि में हैं। कब आते हैं उसकी तिथि-तारीख कोई नहीं है। तिथि-तारीख उनकी होती है जो लौकिक जन्म लेते हैं। यह तो है पारलौकिक बाप। इनका लौकिक जन्म नहीं है। कृष्ण की तिथि-तारीख, समय आदि सभी देते हैं। इनको कहा जाता है दिव्य-जन्म। (मु.9.3.70 पृ.1 आदि)	Download

648	गुलज़ारमोहिनी में ब्रह्मा बाबा आते, शिवबाबा नहीं	बाप कहते हैं ...ड्रामा प्लेन अनुसार जब आना होता है तो चेंज ज़रूर होती है। (मु.22.2.69 पृ.1 मध्यादि)	Download
649	गुलज़ारमोहिनी में ब्रह्मा बाबा आते, शिवबाबा नहीं	ऐसे नहीं कि बाप-दादा का आवाहन कर रहे हैं। नहीं, बाबा का आवाहन तो कर ही नहीं सकते हैं। बाबा को तो आप ही आना है। (मु.12.4.71 पृ.1 आदि) मु.12.4.76 पृ.1 आदि	Download
650	गुलज़ारमोहिनी में ब्रह्मा बाबा आते, शिवबाबा नहीं	ड्रामा में जिसका पार्ट है उनमें ही प्रवेश करते हैं और इसका नाम ब्रह्मा रखते हैं। ..... अगर दूसरे में आवे तभी भी उनका नाम ब्रह्मा रखना पड़े। (मु.17.3.73 पृ.2 अंत)	Download
651	गुलज़ारमोहिनी में ब्रह्मा बाबा आते, शिवबाबा नहीं	मधुबन में बाप स्वयं दौड़ी पहन आता है। (बुलाने से नहीं) (अ॰वा॰5.9.77 पृ.3 मध्य)	Download
652	गुलज़ारमोहिनी में ब्रह्मा बाबा आते, शिवबाबा नहीं	ब्रह्मा तो ठहरा उनका भाग्यशाली रथ। रथ द्वारा ही बाप वर्सा देते हैं। ब्रह्मा वर्सा देने वाला नहीं है, वह तो लेने वाला है। (मु.17.1.70 पृ.1 आदि)	Download
653	गुलज़ारमोहिनी में ब्रह्मा बाबा आते, शिवबाबा नहीं	इनको भाग्यशाली रथ कहते हैं। जिसमें बाप बैठ तुम बच्चों को हीरे जैसा बनाते हैं। (मु.11.6.69 पृ.4 मध्यादि)	Download
654	गुलज़ारमोहिनी में ब्रह्मा बाबा आते, शिवबाबा नहीं	नम्बरवन पूज्य यह है तो नम्बरवन पुजारी भी यह बना है। फिर उनका ही पार्ट है। यह मेरा मुकर्रर तन है। यह चेंज हो नहीं सकता। ऐसे नहीं अब दूसरे को चांस दियो। (मु.10.10.72 पृ.5 आदि)	Download
655	गुलज़ारमोहिनी में ब्रह्मा बाबा आते, शिवबाबा नहीं	अब बाप है तब ही सारी सृष्टि का कल्याण होता है। यह है भाग्यशाली रथ। इनसे कितनी सर्विस होती है। (मु.16.2.67 पृ.3 अंत)	Download
656	गुलज़ारमोहिनी में ब्रह्मा बाबा आते, शिवबाबा नहीं	बाबा का यह रथ है परमानेंट। ब्रह्मा चाहिए ना, जिससे ब्राह्मण रचा जाए। (मु.3.7.72 पृ.2 मध्यांत)	Download
657	गुलज़ारमोहिनी में ब्रह्मा बाबा आते, शिवबाबा नहीं	भागीरथ भी मशहूर है। इन द्वारा बैठ ज्ञान सुनाते हैं। यह भी ड्रामा में पार्ट है। कल्प-2 इस भाग्यशाली रथ पर आते हैं। यह भी तुम जानते हो। यह वही है जिनको श्यामसुंदर कहते हैं। श्रीकृष्ण सुन्दर से श्याम कैसे बनते हैं फिर श्याम के शरीर में कैसे बाप आकर प्रवेश करते हैं यह तुम समझते हो। (मु.25.5.70 पृ.3 मध्यांत)	Download
658	गुलज़ारमोहिनी में ब्रह्मा बाबा आते, शिवबाबा नहीं	भागीरथ भी क्यों कहते हैं? क्योंकि बहुत भाग्यशाली रथ है। यही फिर विश्व का मालिक बनते हैं। तो भागीरथ ठहरा ना। सभी बात का अर्थ समझना चाहिए। (मु.26.9.68 पृ.1 मध्य)	Download

